# गंगा पथ: अथमलगोला से मोकामा तक सड़क अब 12 मीटर चौड़ी होगी

**पटना, हिप्र।** जेपी गंगा पथ का विस्तार दीदारगंज से मोकामा तक होना है। इस परियोजना को पूरा करने का समय वर्ष 2028 तक है। इसमें अथमलगोला से मोकामा तक की सड़क 11-12 मीटर तक चौड़ी होगी। हालांकि इस कार्य को निर्धारित समय से करीब दो वर्ष पहले दिसंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

अथमलगोला-मोकामा तक सड़क के निर्माण को लेकर पथ निर्माण विभाग ने निविदा जारी कर दी है। अथमलगोला से मोकामा के बीच 45.7 किलोमीटर लंबी सड़क एसएच-106 (पुराना एनएच-30 के नाम से जाना जाता था) के चौड़ीकरण पर 191 करोड़ की लागत आएगी।

**अभी सड़क 7 मीटर चौड़ी:** जेपी गंगा पथ का विस्तार मोकामा के हाथीदह के बाटा चौक तक होना है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई सात मीटर रहने और दोनों तरफ घनी आबादी से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। मगर जेपी गंगा पथ के विस्तार होने के बाद इस सड़क की चौड़ाई 11 से 12 मीटर तक हो जाएगी। साथ ही मोकामा तक विस्तार के बाद सड़क का जुड़ाव बख्तियारपुर-ताजपुर फोरलेन पुल से हो जाएगा। इससे दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार की दूरी 60 किलोमीटर तक कम हो जाएगी।

**191** करोड़ खर्च होंगे 45.7 किमी लंबी सड़क की चौड़ाई बढ़ाने पर

- मोकामा के बाटा चौक तक सड़क का होगा चौड़ीकरण
- जेपी गंगा पथ का मोकामा तक विस्तार 2028 तक होना है